डेली करंट अफेयर्स

24 घंटे की सबसे बड़ी बातें

बिहार के सारण में बनेगा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा

1. वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमार जोसेफ ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में इतिहास रचा। वे एक ही मैच में 4 विकेट और 4 कैच लेने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बने। 26 वर्षीय शमार जोसेफ ने यह उपलब्धि हालिय टी20 वर्ल्ड कप के मुकाबले में इटली टीम के खिलाफ हासिल की।

2. बिहार में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बनाया जाएगा। यह एयरपोर्ट सारण जिले में हाजीपुर और डुमरिया के बीच 4,228 एकड़ क्षेत्र में बनेगा। इस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 4,200 मीटर लंबा रनवे होगा। अब यह बिहार का सबसे बड़ा एयरपोर्ट होगा।

3. दिल्ली में आयोजित इंडिया AI इम्पैक्ट समिट में 8 साल के रणवीर सचदेवा सबसे कम उम्र के कीनोट स्पीकर बने। रणवीर ने 3 साल की उम्र में कोडिंग शुरू कर दी थी और कम उम्र में ही मशीन लर्निंग मॉडल्स को समझना शुरू किया।

4. अमेजन सालाना रेवेन्यू में वॉलमार्ट को पीछे छोड़कर सबसे ज्यादा बिक्री करने वाली कंपनी बनी। 2025-26 में अमेजन का रेवेन्यू 717 अरब डॉलर था। वहीं, जनवरी में वॉलमार्ट की रेवेन्यू 713.2 अरब डॉलर रही।

5. भारतीय वायुसेना (IAF) पहली बार ब्रिटेन की रॉयल एयर फोर्स (RAF) के पायलटों को प्रशिक्षण देगी। इसमें IAF के 3 फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर RAF वैली एयरबेस में वहां के पायलटों को BAE हॉक T2 व टैक्सन T1 विमान की ट्रेनिंग देंगे।

इन्फोग्राफिक्स

भारत की तीन टॉय ट्रेन यूनेस्को विश्व धरोहर

दार्जिलिंग हिमालयन रेलवे (DHR) इस गर्मी में पर्यटकों के लिए तीन नई चार्टर्ड टॉय ट्रेन सेवाएं शुरू करने जा रही है, जिनके तहत पर्यटकों को पहाड़ों में खास पर्यटन अनुभव और विशेष टूर पैकेज मिलेगा।

दार्जिलिंग हिमालयन रेलवे

1879-1881 वर्ष के बीच इस टॉय ट्रेन का ट्रैक तैयार हुआ।

88 किमी इस ट्रैक की लंबाई है।

7.5 घंटे में सफर पूरा होता है।

- **रास्ता:** न्यू जलपाईगुड़ी से दार्जिलिंग
- **खास:** देश की पहली माउंटेन रेलवे

ये तीन रेलवे यूनेस्को धरोहर

रेलवे	शुरू	धरोहर
दार्जिलिंग हिमालयन	1881	1999
नीलगिरि माउंटेन	1908	2005
कालका-शिमला	1903	2008

वर्ड ऑफ द डे

पैक्स सिलिका

- **पैक्स सिलिका** एक अमेरिकी नेतृत्व वाला वैश्विक गठबंधन है, जिसका उद्देश्य AI, सेमीकंडक्टर और दुर्लभ मिनरल्स की सुरक्षित और भरोसेमंद सप्लाई चेन बनाना है। इसकी शुरुआत दिसंबर 2025 में हुई थी। यह पहल चिप मैन्युफैक्चरिंग और तकनीकी सप्लाई चेन को मजबूत और सुरक्षित करने पर केंद्रित है। इस गठबंधन में अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, जापान, इजरायल, सिंगापुर, संयुक्त अरब अमीरात और ब्रिटेन सहित कई देश शामिल हैं। हाल ही में भारत भी इस पैक्स सिलिका साझेदारी में शामिल हुआ है।

नॉलेज टेस्ट

Q1. वर्ष 1930 में रवींद्रनाथ टैगोर की चित्रकृतियों का पहली बार प्रदर्शन किस आर्ट गैलरी में किया गया था?

[A] म्यूजे डू लूव्र, पेरिस **[B]** नेशनल गैलरी, लंदन
[C] गैलेरी पिगाल, पेरिस **[D]** पर्गामोन म्यूजियम, बर्लिन

Q2. ओडिशा और बंगाल में मुखौटे पहनकर किए जाने वाले मार्शल आर्ट आधारित इस लोक नृत्य का नाम क्या है?

[A] कथकली **[B]** यक्षगान **[C]** छऊ नृत्य **[D]** मोहिनीअट्टम

उत्तर: 1. गैलेरी पिगाल, पेरिस 2. छऊ नृत्य

एडमिशन प्रोसेस • छात्र 24 मार्च तक कर सकते हैं आवेदन

जामिया: रोबोटिक्स-AI व कंस्ट्रक्शन टेक्नोलॉजी सहित 30 नए कोर्स लॉन्च

एजुकेशन रिपोर्टर | नई दिल्ली

नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) में चौथे स्थान पर रहने वाली जामिया मिलिया इस्लामिया में नए सेशन से 30 नए कोर्स शुरू होंगे। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। उम्मीदवार 24 तक आवेदन कर सकते हैं। कुछ कोर्स के लिए आवेदन की आखिरी तारीख 25 मार्च रहेगी। नए कोर्सेज में एमटेक रोबोटिक्स एंड एआई, बी वॉक-मॉलिक्यूलर डायग्नोस्टिक्स, कंस्ट्रक्शन टेक्नोलॉजी आदि शामिल है। करीब दो लाख छात्र हर साल जामिया में विभिन्न कोर्सेज में प्रवेश के लिए आवेदन करते हैं। जामिया में दाखिला सीयूईटी, जामिया एंट्रेंस, जेईई सहित अन्य परीक्षाओं से मिलता है। दाखिले के लिए विश्वविद्यालय ने प्रोस्पेक्टस जारी कर दिया है। यह कोर्स यूजी, पीजी, एडवांस डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, सर्टिफिकेट और डिप्लोमा स्तर के होंगे। जानते हैं संस्थान के प्रमुख कोर्सेज और उनके स्कोप के बारे में।

अलग-अलग क्षेत्रों में ये हैं प्रमुख कोर्स



1. तकनीकी कोर्सेज में प्रवेश

- **बीटेक इन रोबोटिक्स और एआई:** आठ सेमेस्टर होंगे। कुल 60 सीटें है। 1.53 लाख रुपए फीस है। रोबोटिक्स इंजीनियर, AI/ML स्पेशलिस्ट, डेटा साइंटिस्ट आदि के जॉब रोल्स मिलते हैं। फ्रेशर को छह से 12 लाख रुपए का पैकेज मिलता है। DRDO और इसरो जैसे सरकारी उपक्रमों में जॉब मिलता है।
- **बीटेक इन सिविल इंजीनियरिंग (कंस्ट्रक्शन टेक्नोलॉजी):** कोर्स में 60 सीटें हैं। आठ सेमेस्टर के कोर्स में सिविल इंजीनियरिंग ब्रांच में कंस्ट्रेक्शन टेक्नोलॉजी की बारिकियों को बताया जाता है।

2. सोशल साइंसेज व मैनेजमेंट

- **बीए (ऑनर्स) ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट:** कोर्स की फीस करीब 92 हजार रुपए है। 8 सेमेस्टर के इस कोर्स में 40 सीटें हैं। 3-5 वर्ष अनुभव के बाद HR मैनेजर, टैलेंट एक्विजिशन हेड, कंसल्टेंट या लेबर रिलेशंस मैनेजर जैसे जॉब रोल्स मिलते हैं। अनुभव हासिल होने के बाद सालाना पैकेज 15 लाख तक का होता है।
- **मास्टर ऑफ होटल मैनेजमेंट:** यह एक सेल्फ फाइनेंस कोर्स है। इसमें चार सेमेस्टर और 30 सीटें हैं। फीस करीब 43 हजार रुपए है। टूरिज्म के साथ रेलवे व एविएशन इंडस्ट्री में स्कोप रहता है।

3. प्रमुख मास्टर डिग्री कोर्स

- **एमएससी बायोफिजिक्स:** इसमें दो कोर्स है। एक चार व दूसरा दो सेमेस्टर का कोर्स है। फीस 26 हजार रुपए है। इस कोर्स के बाद रिसर्च साइंटिस्ट, मेडिकल फिजिसिस्ट के रूप में काम करने का अवसर मिलता है। फ्रेशर को ही सात से नौ लाख रुपए मिलते हैं।
- **एमटेक मेटेरियल साइंस:** चार सेमेस्टर में यह कोर्स पूरा होगा। फीस 22 हजार रुपए है और 18 सीटें हैं। भारत में सेमीकंडक्टर मिशन और EV/रिन्यूएबल एनर्जी का स्कोप बढ़ रहा है। क्वालिटी कंट्रोलर ऑफिसर, रिसर्च साइंटिस्ट और प्रोडक्ट डेवलपमेंट इंजीनियर के रूप में काम करने का मौका मिलता है

संस्थान के इन कोर्सेज में दाखिला

- बीए ऑनर्स जापानी स्टडीज
- बीए ऑनर्स जर्मन स्टडीज
- एलएलएम (कॉर्पोरेट लॉ)
- बीई सिविल इंजीनियरिंग
- एमए सोशल वर्क
- एमएससी बॉटनी
- बीई इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग
- बीई मैकेनिकल इंजीनियरिंग
- बी-वॉक मॉलिक्यूलर डायग्नोस्टिक
- बीए-बीएड
- एमएससी रिन्यूएबल एनर्जी
- डिप्लोमा इन लेदर गुडस
- सर्टिफिकेट इन कैलीग्राफी पेंटिंग
- पीजी डिप्लोमा इन कंप्यूटेशन डिजाइन
- एमएससी बायोटेक्नोलॉजी

जॉब लिस्टिंग कुल पद 26360

10वीं से लेकर पीजी वालों के लिए मौका

• UCIL
पोस्ट: अप्रेंटिस
364 कुल पद | वेतनमान नियमों के अनुसार
- आवेदन: 28 फरवरी तक
- फीस: निशुल्क
- पात्र: यूजी
- आयु: 18 से 25 साल

www.uraniumcorp.in

• यंत्र इंडिया लिमिटेड
पोस्ट: अप्रेंटिस
3979 कुल पद | वेतनमान 8200-9600 रुपए
- आवेदन: 3 मार्च तक
- फीस: 200 रुपए
- पात्र: 10वीं पास, ITI
- आयु: अधिकतम 35 साल

www.recruit-gov.com

• राम लाल कॉलेज
पोस्ट: असिस्टेंट प्रोफेसर
20 कुल पद | वेतनमान लेवल-10 के अनुसार
- आवेदन: 2 मार्च तक
- फीस: 500 रुपए
- पात्र: पीजी, नेट
- आयु: जारी नहीं

www.rec.uod.ac.in

• RRB
पोस्ट: ग्रुप डी
21997 कुल पद | वेतनमान 18000 रुपए
- आवेदन: 2 मार्च तक
- फीस: 500 रुपए
- पात्र: 10वीं, आईटीआई
- आयु: 18 से 33 साल

www.rrbapply.gov.in

प्राइवेट कॉलेजों के प्रोफेशनल कोर्सेस की फीस निर्धारण की प्रोसेस शुरू

भोपाल | एडमिशन एंड फी रेगुलेटरी कमेटी (एएफआरसी) ने प्रदेश के प्राइवेट कॉलेजों में संचालित प्रोफेशनल कोर्सेस की आगामी सत्र 2026-27, 2027-28 और 2028-29 के लिए फीस निर्धारण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रदेश में संचालित वे सभी व्यावसायिक पाठ्यक्रम बीटेक, एमबीबीएस, बी.फार्मेसी, बीएड आदि जिन्हें एआईसीटीई, फार्मेसी पीसीआई, एनएमसी, एनसीटीई या अन्य नियामक निकायों से अनुमोदन प्राप्त है, उन्हें ऑनलाइन आवेदन करना होगा। यूजी कोर्सेस के लिए 50 हजार रुपए और पीजी कोर्सेस के लिए 25 हजार रुपए परीक्षण/निरीक्षण शुल्क ऑनलाइन जमा करना अनिवार्य किया गया है।

नए सिक्योरिटी फीचर से नकली मार्कशीट का फर्जीवाड़ा रुकेगा

भास्कर संवाददाता | इंदौर

देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी के लिए नकली मार्कशीट सिरदर्द बनी हुई है। कंपनियों से हर महीने एक से दो फर्जी मार्कशीट वेरिफिकेशन के लिए आ रही है। इस फर्जीवाड़े को रोकने के लिए अब यूनिवर्सिटी हाईटेक सिक्योरिटी वाली नई मार्कशीट जारी करने की तैयारी में जुट गई है। इस मार्कशीट में क्यूआर कोड भी रहेगा जिसे स्कैन करते ही मार्कशीट की पूरी हकीकत सामने आ जाएगी।

बीकॉम, बीएससी, एमबीए, एमसीए के साथ ही मेडिकल कोर्सेस की भी फर्जी मार्कशीट सामने आ चुकी है। ये मार्कशीट दिखने में हूबहू असली की तरह होती है। रिकॉर्ड से मिलान नहीं हो पाने पर गड़बड़ पकड़ में आती है। जानकारी के अनुसार हर महीने औसतन दो नकली मार्कशीट वेरिफिकेशन के लिए आती है। इस तरह के फर्जीवाड़े पर स्थायी रूप से लगाम लगाने के लिए यूनिवर्सिटी अब मार्कशीट में बड़े बदलाव करने जा रही है।

कंपनियां और यूनिवर्सिटी वेरिफिकेशन के लिए मार्कशीट भेजती हैं। हर महीने ऐसी फर्जी मार्कशीट मिलती है जो यूनिवर्सिटी से जारी नहीं हुई। फर्जीवाड़ा रोकने के लिए मार्कशीट का प्रारूप पूरी तरह से बदलने का फैसला लिया गया है। – डॉ.विष्णु मिश्रा, असिस्टेंट रजिस्ट्रार, डीएवीवी

राजस्थान सरकार
कार्यालय उप रजिस्ट्रार सहकारी समितियाँ, बीकानेर
सहकार भवन, पंचायत समिति के पास
Email ID - drbikaner.coop@RAJASTHAN.GOV.IN, Ph-0151-2230473
क्रमांक:-फा( )उरबी/समर्थन मूल्य निविदा / 2026-27/724 दिनांक : 21-02-2026

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना 2026-27/01
NIB COD: CMF2526A0143
(UBN : CMF2526SLRC00327 से CMF2526SLRC00336)
वर्ष 2026-27 : एमएसपी खरीद कृषि जिन्स के परिवहन एवं हैण्डलिंग कार्य हेतु

रबी एवं खरीफ सीजन 2026-27 में न्यूनतम समर्थन मूल्य खरीद किये जाने वाली दलहन एवं तिलहन के हैण्डलिंग एवं परिवहन कार्य के लिये बीकानेर जिले की क्रय विक्रय सहकारी समितियों (दन्तौर, बीकानेर-कोलायत, बज्जू, लूणकरणसर, नोखा, श्रीडूंगरगढ़, छत्तरगढ़, बेरियावाली, कोलायत और पूगल) के समस्त खरीद केन्द्रों के लिए अल्पकालीन ई निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विवरण, शर्तें, निविदा फार्म तथा अन्य विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in, https://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://www.rajfed.gov.in पर उपलब्ध है। नोट:- संशोधन / शुद्धि पत्र भी इसी वेबसाईट पर दिया जायेगा।

(डॉ. कैलाशचन्द्र सैनी)
उप रजिस्ट्रार
सहकारी समितियां, बीकानेर

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY
(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
3rd Floor, Vikas Bhawan, Arera Hills, Bhopal (M.P.)
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)
No. 1768/22/D-12/Brg.DPR/2026 Bhopal, Dated : 21.02.2026

DPR CONSULTANCY OF BRIDGES
(Short Time E-Procurement Notice)

Online Bids are invited from the reputed Consultants for preparation of DPR of Bridge under PMGSY-III as per details given below:-
- No. of Packages - 62
- Nodal PIU - Betul-1, Harda, Raisen, Guna, Sheopur, Shivpuri, Alirajpur, Barwani, Burhanpur, Dhar-1, Indore, Jhabua, Khandwa, Khargone, Seoni, Chhindwara, Dindori, Pandhurna, Satna, Waidhan, Panna, Damoh, Sagar-1, Dewas & Ratlam.
- No. of Bridges - 783

Total Estimated Construction Cost (in Rs.) – Rs. 14912235680.00

- Cost of Bid Document, Bid Security (EMD) and service charges as appearing on e-procurement portal are to be paid simultaneously through Debit Card/Credit Card/Internet Banking or system generated challan. For detailed procedure of online payment of EMD and submission of affidavit please refer condition number 2 of detailed NIT.

1. RFP document may be seen, downloaded and purchased from our e-procurement website **https://mptenders.gov.in** from **11:30 hrs. on 25.02.2026.**
2. Last date of Submission of bid is date **23.03.2026 upto 13.00 hrs.**
Other details & Conditions may be seen in the detailed NIT and Tender Document for preparation of DPR of Bridges under PMGSY February-2026 amended up to date on our Website **http:/mptenders.gov.in.**

M.P. Madhyam/124582/2026 CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)

'मेरी सड़क' ऐप डाउनलोड कर, फीडबैक देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग दें।

INDORE SMART CITY DEVELOPMENT LIMITED, INDORE
Smart City Office, Nehru Park Campus, INDORE-452003, Ph. No.: 0731-2535572
E-mail: smartcityindore16@gmail.com, Website: www.smartcityindore.org

NIT No.: 09/ ISCDL/2025-26 NOTICE INVITING TENDER Date : 20.02.2026

On behalf of the Executive Director, Indore Smart City Development Limited (ISCDL), online bids are invited from eligible and reputed registered legal entities/firms fulfilling the eligibility criteria for the following works:

S. No.	Name of Work	Estimated Project Cost (₹)	Cost of Tender Form (₹)	Earnest Money Deposit (₹)	Period of Engagement
1	Request for Proposal for Empanelment of Consultant for Obtaining Environment Clearance & Consent for Establishment (CFE)/ Consent to Establish (CTE)	₹ 11,00,000/- (Rupees Eleven Lakh Only)	₹ 2,000/- (Rupees Two Thousand Only	₹ 11,000/- (Rupees Eleven Thousand Only)	36 months

Key Dates:-

S.No.	Description	Date & Time
1.	Last date for Purchase of Tender (Online)	16/03/2026 till 17:30 Hrs.
2.	Last date for submission of tender (Online)	16/03/2026 till 17:30 Hrs.
3.	Technical bid opening (Online)	17/03/2026 till 17:30 Hrs.
4.	Pre-Bid Meeting	27/02/2026@15:00 Hrs.

Notes:
(1) Tender Document and other details shall be available on Website-www.mptenders.gov.in
(2) Amendment to NIT, if any would be published on website only.
(3) The EMD shall be deposited online through portal via Debit card/Credit card/ Net banking or System Generated Challan.
(4) For any clarification bidders can contact Mr. Saurabh Maheshwari, Executive Engineer (Incharge) on 72477 60705/ Ms. Roopal Chopra, Assistant Planner on 74404 42800
(5) In case any of the dates specified above is Government hoilday, day after the same shall be considered.

Chief Executive Officer
Indore Smart City Development Limited, Indore

Bank of India रिश्तों की जमापूंजी Relationship beyond banking
आंचलिक कार्यालय : स्टार हाउस, प्लॉट 9-आरसी, स्कीम नं. 134, एम.आर.-10, स्टार चौराहे के पास, इन्दौर - 452010, फोन 2445122-117-147
अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना

ई-नीलामी विक्रय सूचना प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन, हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना

आल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना आम लोगों को और विशेष रुप से उधार लेने वाले/जमानतदारों को यह नोटिस दिया जाता है कि निम्न वर्णित सारणी के कॉलम 3 में उल्लिखित अचल संपत्ति जो **प्रतिभूत लेनदार (बैंक ऑफ इंडिया)** के पास गिरवी/प्रभारित है, जिसका सांकेतिक/भौतिक कब्जा प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **''जहां है ,जैसा है और जो कुछ भी है''** के आधार पर निम्नलिखित तालिका के कॉलम 2 में उल्लिखित ऋणी एवं जमानतदारों से बैंक ऑफ इंडिया (प्रतिभूत लेनदार) की निम्नलिखित तालिका के कॉलम 4 में उल्लिखित राशि की वसूली हेतु **दिनांक 10.03.2026** को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं जमा योग्य अग्रिम धनराशि तालिका के कॉलम 6 व 7 में क्रमश: दी गई है।

ई-नीलामी दिनांक 10.03.2026 को प्रात: 11.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक

शाखा का नाम (1)	ऋणी / जमानतदार का नाम (2)	संपत्ती का विवरण व स्वामी का नाम (3)	मांग सूचना 13(2) के तहत मांग नोटिस दिनांक व बकाया राशि (4)	आधिपत्य की दिनांक व प्रकार (5)	आरक्षित राशि (रू.) (6)	ईएमडी (7)
शाखा : एआरबी	**मेसर्स श्री बालाजी उद्योग (प्रोपराईटर: श्री संदीप गोयल पिता शंकर लाल गोयल) श्री संदीप गोयल पिता शंकर लाल गोयल (प्रोपराईटर- बंधककर्ता), दोनों का पता 1:** मनीष धर्मशाला के पास, कल्लनगंज, खंडवा म.प्र. (450001), **पता 2:** के.एच. नंबर 224/2, पीएच नंबर 62, ग्राम बोरगांव खुर्द, खंडवा म.प्र. (450001) **श्रीमती मंजू अग्रवाल पति सुनील अग्रवाल (जमानतदार-बंधककर्ता), पता:** प्लॉट नं. 327, स्विधा ज्वैलर्स, सराफा बाजार, भुसावल, जिला जलगांव महाराष्ट्र (425201) **श्रीमती सपना अग्रवाल पति दीपेश अग्रवाल (जमानतदार) पता:** श्याम विलास चौराहा, गोकुलगंज, महू, जिला इंदौर म.प्र. (453441) **श्रीमती शीतल सिंघल पति पवन कुमार सिंघल (जमानतदार) पता:** 50, सोमनाथ की जूनी चाल, वल्लभ नगर, इंदौर म.प्र. (452003)	**अ)** साम्पिक बंधक संपत्ति का समस्त भू भाग व अशं व्यावसायिक डायवर्टेड भूमि और भवन खसरा नम्बर 224/2, पीएच नंबर 62, ग्राम बोरगांव खुर्द, खंडवा, **संपत्ति मालिक:** श्रीमती मंजू अग्रवाल पति श्री सुनील अग्रवाल (जमानतदार) और श्री संदीप गोयल (प्रोपराईटर), क्षेत्रफल 0.40 हेक्टेयर या 43560 वर्ग फीट, **संपत्ति की चतुर्सीमा: उत्तर:** हरकचंद पिता सुखराम की भूमि, **दक्षिण:** बाबू पिता नारायण और गहनाबाई पति दशरथ की भूमि (विनायक उद्योग ऑयल मिल), **पूर्व:** अमराती बाई पति सुखराम और सरवन पिता मांगीलाल की भूमि, **पश्चिम:** रास्ता	05.07.2025 ₹ 1,54,18,784.11 + ब्याज एवं अन्य खर्च	17.09.2025 सांकेतिक	₹ 180.24 लाख	₹ 18.03 लाख
शाखा : एआरबी	**मेसर्स श्री महालक्ष्मी फूड प्रोडक्ट्स, पता:** प्लॉट नंबर 7/11, बी-1 इंडस्ट्रियल एरिया नंबर 2, एबी रोड देवास, जिला देवास, म.प्र. (455001) **श्री श्याम गर्ग पिता श्रीराम गर्ग (पार्टनर) श्री नवीन गर्ग पिता श्रीराम गर्ग (पार्टनर) श्री आनंद गर्ग पिता श्याम गर्ग (पार्टनर) श्री अंशुल गर्ग पिता श्याम गर्ग (पार्टनर), सभी का पता 1:** प्लॉट नंबर 7/11, बी-1 इंडस्ट्रियल एरिया नंबर 2, एबी रोड देवास, जिला देवास, म.प्र. (455001), **2:** 3 एचआईजी विकास नगर, एबी रोड देवास, जिला देवास, म.प्र. (455001), **3:** 43-बी सेठ जीतमल नगर एबी रोड देवास म.प्र. (455001) **श्रीमती उषा गर्ग पति श्याम गर्ग (जमानतदार), पता 1:** 3 एचआईजी विकास नगर, एबी रोड देवास, जिला देवास, म.प्र. (455001) **पता 2:** 43-बी सेठ जीतमल नगर एबी रोड देवास म.प्र. (455001)	साम्पिक बंधक लीज होड फैक्ट्री बिल्डिंग प्लॉट नंबर 7/11/बी-1, इंडस्ट्रियल एरिया नंबर 2 एबी रोड जिला देवास, प्लॉट क्षेत्रफल 4000 वर्ग मीटर **संपत्ति मालिक:** मेसर्स श्री महालक्ष्मी फूड प्रोडक्ट्स, **संपत्ति की चतुर्सीमा: पूर्व:** 24 मीटर चौड़ी सड़क, **पश्चिम:** प्लॉट नंबर 11 A, **उत्तर:** प्लॉट नंबर 11-B॥ **दक्षिण:** 50 मीटर चौड़ी सड़क	10.04.2023 ₹5,03,66,496.46 + ब्याज एवं अन्य खर्च	07.07.2023 सांकेतिक	₹ 242.00 लाख	₹ 24.20 लाख

क्रेता के द्वारा स्टाम्प शुल्क, बिक्री प्रमाण पत्र शुल्क, पंजीकरण शुल्क, टी.डी.एस. सरकार को देय सभी वैधानिक बकाया, कर और दरों और संपत्तियों से संबंधित कोई अन्य खर्च, मौजूदा और भविष्य, दोनों के लिए देय होगा। बिक्री प्रमाण पत्र केवल सफल बोलीदाता के नाम से ही जारी किया जाएगा।

ई-नीलामी सेवा प्रदाता की वेबसाईट **https://baanknet.com** बोलीकर्ता **https://baanknet.com**, नियम व शर्तो की अधिक जानकारी हेतु शैक्षणिक वीडियो के साथ देख सकते है। बोलीकर्ता को पूर्व में ही बोली पंजीयन की सभी औपचारिकताएं पूर्ण करना अनिवार्य है। नीलामी से संबंधित सभी जानकारी ई-नीलामी दिनांक से पहले ही प्राप्त कर लेने की सभी जवाबदारी बोलीकर्ता की रहेगी।

ए. सफल बोलीकर्ता को घोषणा के तुरंत बाद बिक्री मूल्य का 25% (पहले से भुगतान की गई ईएमडी घटाकर) जमा करना होगा।
बी. नीलामी- बिक्री की कार्यवाही में बैंकिंग लेनदेन का समय समाप्त होने के पश्चात, खरीद मूल्य का 25% (पहले से भुगतान की गई ईएमडी घटाकर) अगले कार्य दिवस तक जमा कराना होगा।
सी. बिक्री मूल्य की शेष राशि का भुगतान बिक्री की दिनांक से 15 वें (पंद्रहवें) दिन के भीतर जमा किया जाना होगा।
डी. उपर उल्लिखित अवधि के भीतर भुगतान न करने पर, जमा और बयाना राशि जब्त कर ली जाएगी और संपत्ति को फिर से बेच दिया जाएगा।
इ. सफल बोलीकर्ता की यह जिम्मेदारी होगी की आयकर अधिनियम की धारा **194-IA** के तहत लागू 1 % की दर से टीडीएस जमा करना होगा, यदि इस तरह के प्रतिफल के लिए जमा या भुगतान की गई राशि का योग रु. 50 लाख या अधिक है। टीडीएस को फार्म **26QB** आनलाईन भरकर जमा कराना होगा और टीडीएस सर्टिफिकेट फार्म **16B** में जारी करना होगा। खरीदार को सरकारी खाते मे आयकर जमा करने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
एफ. बोली केवल ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत की जाएगी।
जी. प्राधिकृत अधिकारी का उक्त ई-नीलामी को बिना किसी कारण बताए रद्द करने का सर्वाधिकार सुरक्षित रहेगा।
एच. आरक्षित मूल्य से कम से कम एक वृद्धि राशि जोड़ने पर ही बोली स्वीकार होगी।

दिनांक : 22.02.2026, स्थान: इन्दौर प्राधिकृत अधिकारी: बैंक ऑफ इंडिया

बैंक ऑफ़ इंडिया
आंचलिक कार्यालय: पंडित माखनलाल चतुर्वेदी मार्ग, आनंद नगर, खण्डवा फोन: 0733-2248534 ARD.Khandwa@bankofindia.co.in
अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना

ई-नीलामी विक्रय सूचना प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन, अधिनियम, 2002 के अधीन, हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना

अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना आम लोगों को और विशेष रुप से उधार लेने वालेध्जमानतदारों को यह नोटिस दिया जाता है कि निम्न वर्णित सारणी के कॉलम 3 में उल्लिखित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार (बैंक ऑफ इंडिया) के पास गिरवी /प्रभारित है, जिसका सांकेतिक/भौतिक कब्जा प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार पर निम्नलिखित तालिका के कॉलम 2 में उल्लिखित ऋणी एवं जमानतदारों से बैंक ऑफ इंडिया (प्रतिभूत लेनदार) की निम्नलिखित तालिका के कॉलम 4 में उल्लिखित राशि की वसूली हेतु दिनांक 25.03.2026 को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं जमा योग्य अग्रिम धनराशि तालिका के कॉलम 6 व 7 में क्रमश: दी गई है।

ई-नीलामी दिनांक 25.03.2026 को प्रात: 11.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक

शाखा का नाम (1)	ऋणी/जमानतदार का नाम (2)	संपत्ति का विवरण व स्वामी का नाम (3)	मांग सूचना 13(2) के तहत मांग सूचना दिनांक व बकाया राशि (4)/ अधिपत्य की दिनांक व प्रकार (5)	आरक्षित राशि (रू.) (6) धरोहर राशि (ईएमडी)(7)
अमरावती रोड शाखा, बुरहानपुर (म.प्र.)	**श्री जुजार हुसेन लूमवाला** पता : मकान .नं. 33, वार्ड नं. 27, मौलवी अहकाम उल्ला मार्ग, काजी की हवेली, दाऊदपुरा, बुरहानपुर, तह/जिला-बुरहानपुर (म.प्र.)	फ्लेट नं. 303, सर्वे क्रमांक 590, 589/1 और 591/3, तृतीय तल अनिल साई रेसिडेंसी, गीता साई नगर, बुरहानपुर में स्थित, यह बुरहानपुर उप-जिला और जिला बुरहानपुर के अंतर्गत आता है। सीमाऐं: पूर्व - कॉमन पैसेज, पश्चिम- कॉलोनी रोड, उत्तर-फ्लेट नं. 301, दक्षिण-कॉलोनी रोड।	29.09.2025 रु. 10,60,320.13 + ब्याज एवं अन्य खर्च **कब्जा नोटिस** दिनांक 05.01.2026 सांकेतिक	रु. 14,44,800/- रु. 1,44,480/-

क्रेता के द्वारा स्टाम्प शुल्क, बिक्री प्रमाण पत्र शुल्क, पंजीकरण शुल्क, टी.डी.एस. सरकार को देय सभी वैधानिक बकाया, कर और दरों और संपत्तियों से संबंधित कोई अन्य खर्च, मौजूदा और भविष्य, दोनों के लिए देय होगा। बिक्री प्रमाण पत्र केवल सफल बोलीदाता के नाम से ही जारी किया जाएगा।
ई-नीलामी सेवा प्रदाता की वेबसाईट https://baanknet.com बोलीकर्ता https://baanknet.com, नियम व शर्तो की अधिक जानकारी हेतु शैक्षणिक वीडियो के साथ देख सकते हैं। बोलीकर्ता को पूर्व में ही बोली पंजीयन की सभी औपचारिकताएं पूर्ण करना अनिवार्य है। नीलामी से संबंधित सभी जानकारी ई-नीलामी दिनांक से पहले ही प्राप्त कर लेने की सभी जवाबदारी बोलीकर्ता की रहेगी।

ए. सफल बोलीकर्ता को घोषणा के तुरंत बाद बिक्री मूल्य का 25% (पहले से भुगतान की गई ईएमडी घटाकर) जमा करना होगा।
बी. नीलामी- बिक्री की कार्यवाही में बैंकिंग लेनदेन का समय समाप्त होने के पश्चात, खरीद मूल्य का 25% (पहले से भुगतान की गई ईएमडी घटाकर) अगले कार्य दिवस तक जमा कराना होगा।
सी. बिक्री मूल्य की शेष राशि का भुगतान बिक्री की दिनांक से 15 वें (पंद्रहवें) दिन को या उससे पहले या ऐसी अवधि, जिसे प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कारण दर्ज कर बढ़ाया गया हो, के भीतर जमा किया जाना होगा।
डी. उपर उल्लिखित अवधि के भीतर भुगतान न करने पर, जमा और बयाना राशि जब्त कर ली जाएगी और संपत्ति को फिर से बेच दिया जाएगा।
इ. सफल बोलीकर्ता की यह जिम्मेदारी होगी की आयकर अधिनियम की धारा 194-IA के तहत लागू 1% की दर से टीडीएस जमा करना होगा, यदि इस तरह के प्रतिफल के लिए जमा या भुगतान की गई राशि का योग रु. 50 लाख या अधिक है। टीडीएस को फार्म 26फठ आनलाईन भरकर जमा कराना होगा और टीडीएस सर्टिफिकेट फार्म 16बी में जारी करना होगा। खरीदार को सरकारी खाते में आयकर जमा करने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
एफ. बोली केवल ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत की जाएगी।
जी. प्राधिकृत अधिकारी का उक्त ई-नीलामी को बिना किसी कारण बताए रद्द करने का सर्वाधिकार सुरक्षित रहेगा।
एच. आरक्षित मूल्य से कम से कम एक वृद्धि राशि जोड़ने पर ही बोली स्वीकार होगी।
आई. नीलामी आरक्षित मूल्य पर शुरू होगी। बोलीदाताओं को उपरोक्त संपत्ति के लिए 10,000.00 रुपये (दस